# GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD

A Sikh Minority Degree College
Established and Managed by Gurudwara Prabandhak Committee
Affiliated to BBMK University, Dhanbad
NAAC Accredited

# AARAMBH

## INDUCTION PROGRAM 2026

### Welcoming Newly Enrolled Students to FYUGP for the Academic Session 2026–30

**COMMERCE, HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES**

**Date : August 11, 2026 | Time : 11:00 AM**

**VENUE : S.J.S GREWAL AUDITORIUM, BHUDA CAMPUS, DHANBAD**



**गुरु नानक कॉलेज में नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित**

धनबाद, 11 अगस्त 2026। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के बरमसिया कैंपस स्थित एस. जे. एस. ग्रेवाल सभागार में आज सत्र 2026-2030, सेमेस्टर-वन के कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस संकायों के नव नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11:30 बजे से 12:30 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय सुविधाओं, पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराना था।कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास द्वारा की गई। अपने संबोधन में उन्होंने नव नामांकित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने महाविद्यालयीन जीवन की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया।इसके पश्चात भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफेसर दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से महाविद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा अपनी प्रतिभा को विकसित करने का आह्वान किया।इसके बाद गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर दलजीत सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया, नियमों, अनुशासन, आंतरिक मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा से संबंधित बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं समयबद्ध तैयारी के महत्व से भी अवगत कराया।कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय की लाइब्रेरियन नुसरत प्रवीण ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय की सुविधाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध अध्ययन सामग्री, पुस्तकों के उपयोग, पुस्तक निर्गमन एवं वापसी की प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अन्य शैक्षणिक संसाधनों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर पीयूष अग्रवाल ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरु नानक कॉलेज की शैक्षणिक एवं संस्थागत गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महाविद्यालय की संरचना, विभिन्न विभागों, शैक्षणिक सुविधाओं, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अवसरों तथा महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इसके साथ ही उन्होंने सत्र 2026-2030 के पाठ्यक्रम एवं विशेष रूप से सेमेस्टर-वन के सिलेबस की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई की दिशा एवं पाठ्यक्रम की संरचना को समझने में सहायता मिली।इंडक्शन प्रोग्राम के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं नियमों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें एक जिम्मेदार, अनुशासित एवं सक्रिय विद्यार्थी के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ने नव नामांकित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में प्रो. इन चार्ज - प्रो. डॉ. वर्षा सिंह,(बैंक मोड़ कैंपस), प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. मीना मालखंडी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. एकता कुमारी, प्रो. मनीषा कुमारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. पुष्पा तिवारी,प्रो.ममता प्रसाद,प्रो. अंशुमन, प्रो. सोनी, प्रो. सपना, प्रो.ऐश्वरियमयी, प्रो. राशि, प्रो. श्वेता, प्रो.अंकित, प्रो. विश्वनाथ सुश्री नुश्रत् तथा अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति रही।


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD


AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD




NATIONAL WORKSHOP
Note : Guru Nanak College, Dhanbad,,
Address : Bhuda Colony,Dhanbad,Jharkhand,India
Latitude : 23.7800691°
Longitude : 86.4486183°
Altitude : 238.0 meter
Date : 08/11/2026 11:15 AM
Accuracy : 119.719 meter


NATIONAL WORKSHOP
Note : Guru Nanak College, Dhanbad,,
Address : Bhuda Colony,Dhanbad,Jharkhand,India
Latitude : 23.7827123°
Longitude : 86.4487568°
Altitude : 242.0 meter
Date : 08/11/2026 11:15 AM
Accuracy : 24.9 meter




NATIONAL WORKSHOP

दैनिक भास्कर धनबाद 12-08-2026

और रिसर्च सहयोग बढ़ाने के लिए शुरू की गई है।

# जीएन कॉलेज में विद्यार्थियों को सुविधाओं, गतिविधियों व सिलेबस की दी जानकारी



धनबाद | गुरु नानक कॉलेज के बरमसिया कैंपस स्थित एसजेएस ग्रेवाल सभागार में सत्र 2026-2030 के सेमेस्टर-वन में कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस संकायों में नव नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम हुआ। प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने कहा कि कॉलेज अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता है। भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहने को प्रेरित किया। परीक्षा नियंत्रक दलजीत सिंह ने परीक्षा नियम, आंतरिक मूल्यांकन और तैयारी व लाइब्रेरियन नुसरत प्रवीण ने पुस्तक निर्गमन-वापसी और संसाधनों की प्रक्रिया बताई। पीयूष अग्रवाल ने पीपीटी से कॉलेज की संरचना, सुविधाएं और सेमेस्टर-वन सिलेबस समझाया।

# शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन से कराया अवगत



गुरु नानक कालेज में कार्यक्रम में मौजूद छात्र व शिक्षक • सौजन्य कालेज

**जागरण संवाददाता, धनबाद :** गुरु नानक कालेज के बरमसिया कैंपस में मंगलवार को सत्र 2026–2030, सेमेस्टर–वन के कामर्स, ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस संकायों के नव नामांकित छात्र–छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय सुविधाओं, पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डा. रंजना दास ने की, जिन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफेसर दीपक कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर दलजीत सिंह ने भी संबोधित किया। प्रोफेसर पीयूष अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से कालेज की शैक्षणिक एवं संस्थागत गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD

A Sikh Minority Degree College
Established and Managed by Gurudwara Prabandhak Committee
Affiliated to BBMK University, Dhanbad
NAAC Accredited

# AARAMBH

## INDUCTION PROGRAM 2026

**Welcoming Newly Enrolled Students to FYUGP
for the Academic Session 2026–30**

**COMMERCE, HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES**

**Date : August 13, 2026 | Time : 11:00 AM**

**VENUE : MULTI PURPOSE HALL, BANK MORE CAMPUS, DHANBAD**

# गुरू नानक कॉलेज के Womens Wing, बैंक मोड़ कैंपस में नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम "आरंभ 2026" आयोजित

**धनबाद, 13 अगस्त 2026।** गुरू नानक कॉलेज, धनबाद के बैंक मोड़ कैंपस स्थित मल्टीपर्पज हॉल में सत्र 2026–2030 के सेमेस्टर-वन में नव नामांकित कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस संकाय के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, पाठ्यक्रम, पुस्तकालय सुविधाओं तथा विभिन्न अकादमिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविर्धियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास के संबोधन से हुआ। उन्होंने नव नामांकित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच तथा जिम्मेदारी की भावना के साथ महाविद्यालयीन जीवन की शुरूआत करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बैंक मोड़ कैंपस की प्रोफ़ेसर इंचार्ज प्रो. डॉ. वर्षा सिंह ने मंच संचालन सह संबोधन में विद्यार्थियों को कहा आपने गुरू नानक कॉलेज को नहीं चुना बल्कि गुरू नानक देव जी ने आपको चुना है इस लिए यह संकेत है कि आपका भविष्य एक सुरक्षित वातावरण में पुष्पित और पल्ववित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण तथा उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। विभिन्न गतिविर्धियों में सक्रिय सहभागिता करने और अपनी प्रतिभा एवं क्षमताओं को निखारने का आह्वान किया।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. दलजीत सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने आंतरिक मूल्यांकन, परीक्षा अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा समयबद्ध तैयारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया।

लाइब्रेरियन नुसरत परवीन ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने पुस्तक निर्गमन एवं वापसी की प्रक्रिया, अध्ययन सामग्री तथा अन्य शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. पीयूष अग्रवाल ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय की संस्थागत संरचना, विभिन्न विभागों, शैक्षणिक सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सत्र 2026–2030 के पाठ्यक्रम एवं विशेष रूप से सेमेस्टर-वन के सिलेबस की संरचना को विस्तार से समझाया। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई की रूपरेखा, विषयों तथा शैक्षणिक अपेक्षाओं को समझने में सहायता मिली।

इंडक्शन कार्यक्रम ने नव नामांकित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित कराने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, उत्तरदायित्व, आत्मविश्वास एवं सक्रिय सहभागिता की भावना विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन की नई यात्रा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में प्रो. दीपक कुमार (प्रोफ़ेसर इंचार्ज, भूदा कैंपस), प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. मीना मालखंडी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. एकता कुमारी, प्रो. मनीषा कुमारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. ममता प्रसाद, प्रो. अंशुमन, प्रो. सोनी, प्रो. सपना, प्रो. ऐश्वर्यमयी, प्रो. राशि, प्रो. श्वेता, प्रो. सिमरन, प्रो. अंकित, प्रो. विश्वनाथ, सुश्री नुसरत सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एन एस एस स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Gurudeep Complex, Bank More, Dhanbad, Jharkhand 826007, India
Lat 23.789415° Long 86.416757°
Google


INDUCTION P
lcoming Newly Enro
for the Academic
COMMERCE, HUMANIT
Date : August
ULTI PURPOSE


GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Gurudeep Complex, Bank More, Dhanbad,
Jharkhand 826007, India
Lat 23.789482° Long 86.41686°
Thursday, 13/08/2026 11:59 AM GMT +05:30
Google


GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD
GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Gurudev Complex, Bank More, Dhanbad,
Jharkhand 826007, India
Lat 23.789598° Long 86.416987°
Thursday, 13/08/2026 11:06 AM GMT +05:30
Google




GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
Welcome to Guru Nanak College - Library


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
A Sikh Minority Degree College
NAAC Accredited
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
Welcoming Newly Enrolled Students to FYUGP
for the Academic Session 2026-30
Date : August 13, 2026

GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
A Sikh Minority Degree College
NAAC Accredited
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
Welcoming Newly Enrolled Students to FYUGP
for the Academic Session 2026-30
Date : August 13, 2026


NANAK COLLEGE , DHANBAD
A Sikh Minority Degree College
Established and Managed by Gurudwara Prabandhak Committee
Affiliated to BBMK University, Dhanbad
NAAC Accredited
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
coming Newly Enrolled Students to FYUGP
for the Academic Session 2026-30
OMMERCE, HUMANITIES AND SOCIAL SCIENC
Date : August 13, 2026 | Time : 11:00 AM
ULTI PURPOSE HALL
ORE CAMPUS, D




GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
A Sikh Minority Degree College
Established and Managed by Gurudwara Prabandhak Committee
Affiliated to BBMK University, Dhanbad
NAAC Accredited
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
Welcoming Newly Enrolled Students to FYUGP
for the Academic Session 2026-30
HITACHI


NAAC Accredited
Time : 11:00 AM


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
Welcoming Newly Enrolled Students to FYUGP
for the Academic Session 2026–30
COMMERCE, HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES
Date : August 13, 2026 | Time : 11:00 AM
VENUE : MULTI PURPOSE HALL,


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
AARAMBH
INDUCTION PROGRAM 2026
Welcoming Newly Enrolled Students
for the Academic Session 2026
COMMERCE, HUMANITIES AND SO
Date : August 13, 2026 | Tim
VENUE : MULTI PURPOSE HALL, BANK MORE


K COLLEGE, DHANBAD
A Sikh Minority Degree College
Managed by Gurudwara Prabandhak Committee
liated to BBMK University, Dhanbad
NAAC Accredited
ARAMBH
TION PROGRAM 2026
vly Enrolled Students to FYUGP
ademic Session 2026–30
UMANITIES AND SOCIAL SCIENCES
ust 13, 2026 | Time : 11:00 AM
HALL, BAN
CAMPUS, DHAN





# क एग्रीगेट तैयार
# को भरने
# ा विकल्प

## आइआइटी आइएसएम माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के रिसर्चर्स का शोध

### पोलैंड के विशेषज्ञों ने शोध में किया सहयोग

कर सकते हैं. दबाव के दौरान भी मटेरियल ने बेहतर प्रतिरोध दिखाया. एफपीए का भविष्य में हाइड्रोलिक स्टोइंग में प्राकृतिक सैंड और अनमॉडिफाइड फ्लाई ऐश के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. इससे एक ओर प्राकृतिक सैंड की खपत कम होगी, वहीं फ्लाई ऐश और प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग का रास्ता खुलेगा. प्रो चौधरी ने कहा कि शोध का उद्देश्य वेस्ट को बोझ के बजाय सस्टेनेबल माइनिंग के लिए उपयोगी संसाधन में बदलना है.

## गुरुनानक कॉलेज में नवनामांकित विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम

**धनबाद.** गुरुनानक कॉलेज के बैंक मोड़ कैंपस में सत्र 2026-30 के सेमेस्टर-वन में नव नामांकित कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ रंजना दास ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अनुशासन, नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी के साथ कॉलेज जीवन शुरू करने की अपील की. बैंक मोड़ कैंपस की प्रोफेसर इंचार्ज प्रो डॉ वर्षा सिंह ने विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था और उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी. परीक्षा नियंत्रक प्रो दलजीत सिंह ने आंतरिक मूल्यांकन, परीक्षा अनुशासन और परीक्षा प्रक्रिया की जानकारी दी. लाइब्रेरियन नुसरत परवीन ने पुस्तकालय की सुविधाओं और पुस्तक निर्गमन-वापसी की प्रक्रिया बतायी. प्रो पीयूष अग्रवाल ने पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की संस्थागत संरचना, विभागों, शैक्षणिक सुविधाओं तथा सत्र 2026-30 के पाठ्यक्रम की जानकारी दी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और एनएसएस स्वयंसेवक के अलावा नवनामांकित विद्यार्थी शामिल थे.

प्रभात खबर
Friday, August 14, 2026
Dhanbad-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/6a7e2eed84fba79c294a575f

हिन्दुस्तान



कल्प

ू

र

तिक
रूरत
थ
स्ट के
ोल
ब तक

ग के

भागाध्यक्ष
आईएसएम

डरग्राउंड
टेबिलिटी

# गुरुनानक कॉलेज में परिचय सत्र का हुआ आयोजन

**धनबाद।** गुरुनानक कॉलेज धनबाद बैंक मोड़ कैंपस में सत्र 2026–2030 चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रंजना दास व बैंक मोड़ कैंपस प्रोफेसर इंचार्ज डॉ वर्षा सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच तथा जिम्मेदारी की भावना के साथ कॉलेज जीवन की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक प्रो. दलजीत सिंह, लाइब्रेरियन नुसरत परवीन, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. दीपक कुमार (प्रोफेसर इंचार्ज, भूदा कैंपस), प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. मीना मालखंडी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. अभिषेक सिन्हा मौजूद रहे।

# आपने कालेज को नहीं, गुरु नानक देव जी ने आपको चुना

जासं, धनबादः गुरु नानक कालेज बैंक मोड़ कैंपस में गुरुवार को 2026-2030 के सेमेस्टर-वन में नव नामांकित कामर्स, ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस संकाय के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. रंजना दास ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। प्रो. डा. वर्षा सिंह ने मंच संचालन करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने विद्यार्थियों को चुना है, जो उनके भविष्य के सुरक्षित विकास का संकेत है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दलजीत सिंह ने परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। लाइब्रेरियन नुसरत परवीन ने पुस्तकालय की कार्यप्रणाली एवं सुविधाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. मीना मालखंडी, प्रो. साधना सिंह, आदि थे।



गुरु नानक कालेज बैंक मोड़ में इंडक्शन कार्यक्रम में शामिल छात्र-शिक्षक • सौजन्य कालेज

## कतरास के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

संस, जागरण • कतरासः कतरास कालेज से गुरुवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। सीटीओ डा. मदन मोहन के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को टीबी के प्रति जागरूक रहने, समय पर जांच कराने एवं उचित उपचार लेने के लिए जागरूक किया। रैली में सुजल कुमार केशरी, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, लवली कुमारी, रिंकू मंडल, संध्या कुमारी, सुजाता कुमारी, मैरी कुमारी आदि शामिल थे।

दैनिक भास्कर धनबाद 14-08-2026

# जीएन कॉलेज बैंक मोड़ कैंपस में विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम की दी जानकारी

**धनबाद** | जीएन कॉलेज के बैंक मोड़ कैंपस में सत्र 2026–2030 के सेमेस्टर-वन में नव नामांकित कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम हुआ। उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, पाठ्यक्रम, पुस्तकालय सुविधाओं तथा अकादमिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना रहा। प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर भी जोर देता है। प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. वर्षा सिंह ने सक्रिय सहभागिता और प्रतिभा निखारने का संदेश दिया। परीक्षा नियंत्रक दलजीत सिंह ने आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षा अनुशासन की प्रक्रियाएं समझाई। लाइब्रेरियन नुसरत परवीन ने पुस्तकालय व किताबों के उपयोग की जानकारी दी।

